इलैक्ट्रानिक और राडार विकास संस्थान द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं को बन्द किया जाना

467. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इलैक्ट्रानिक और राडार विकास संस्थान द्वारा शुरू की गई तीन अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को बीच में ही बन्द कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और ऊपर कितना व्यय किया गया;

(ग) क्या इन्हीं परियोजनाओं पर कार्य करने वाले अन्य संस्थानों के साथ कोई समन्वय रखा गया था; और

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) जी, हां । संबंधित प्रयोगशाला इलेक्ट्रानिक्स एवं रडार विकास स्थापना, बंगलौर है ।

(ख) इसके मुख्य कारण थे :–

(1) इन अनुसंधान और विकास सक्षम परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया गया था ।

(2) एक समान प्रणालियों के विकास में उत्पादन एजेंसियाँ लगी हुई थीं ।

(3) वित्तीय संसाधनों को उच्च प्राथमिकता वाली परियोजनाओं के काम में लाने की आवश्यकता ।

इसके लिये स्वीकृत राशि 7.24 करोड़ रुपये थी जिसमें से कुल 3.94 करोड़ रुपये खर्च हुये थे ।

(ग) जी, हां ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Intensification of military activity by Pakistan on line of actual control

468. SHRI VIREN J. SHAH : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Pakistan has recently intensified its military activities along the line of actual control by bringing additional guerilla forces including Afghan Mujahids armed with sophisticated weapons including shoulder-to-air Fire Stringer missiles ;

(b) whether there has recently been heavy concentration of Pakistani troops along Poonch and Rajouri borders ; and

(c) if so, what steps Government have taken to meet the situation ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI S. KRISHNA KUMAR) : (a) and (b) Government have received no reports regarding the induction of any guerilla foreces including Afghan Mujahids by Pakistan into Pak Occupied Kashmir or about any unusually heavy concentration of troops specifically along the Poonch and Rajouri borders.

(c) Government keep a constant watch on all developments which have a bearing on our national security and appropriat measures are taken, from time to time, to ensure full defence preparedness.